**Extension and Outreached Programmes conducted by the institution through NSS**

## 2020-21

| Name of Activity | Organising unit/ Agency/ Collaborative Agency | Date |
|---|---|---|
| Sanitation program | NSS | 21-02-2021 |

दिनांक - 21-02-21

"आज दिनांक 21- फरवरी 2021 को ह. नि. बोरा राज. महाविद्यालय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में विद्यार्थियों का नामांकन ~~स्वयं~~ किया गया, शिविर में 80 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया,

कार्यक्रम में महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई एवं नालियों की सफाई की गयी, पूर्व में लगाये गये वृक्षों की निराई गुड़ाई का कार्य स्वयं सेवियों द्वारा किया गया,

बौद्धिक सत्र के दौरान भौतिक विज्ञान प्रवक्ता डा. आँचल सती द्वारा वृक्षों का हमारे जीवन में महत्व पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें सभी शिविरार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया,

(प्राचार्य)
प्राचार्य,
एच.एन.बी राजकीय महाविद्यालय,
सोमेश्वर (अल्मोड़ा)

C.P. Verma
(कार्यक्रम अधिकारी)
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
रा० महा० सोमेश्वर





| Name of Activity | Organising unit/ Agency/ Collaborative Agency | Date |
| --- | --- | --- |
| Sanitation program | NSS | 24-02-2021 |

दिनांक
24-02-21

आज दिनांक - 24-02-21 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना का द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शिविरार्थियों द्वारा महाविद्यालय में कक्षों की साफ-सफाई एवं फर्नीचर को व्यवस्थित रूप से लगाया गया।

कोविड-19 के संक्रमण की पोस्टर प्रतियोगिता एवं इस पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

बौद्धिक सत्र के दौरान डॉ. कंचन वर्मा द्वारा शिविरार्थियों को जीवन में सुबह उठने का महत्व बताया गया, बताया गया कि किस प्रकार प्रातः जल्दी उठ कर अपने जीवन के 24 घण्टों को किस प्रकार अनुशासित रह कर अपने समय का सदुपयोग किया जा सकता है।

तथा प्रातः काल उठ कर योग करने के महत्व की जानकारी प्रदान की।

C P Verma
24-02-21
(कार्यक्रम अधिकारी)
कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना रा० महा० सोमेश्वर

(प्राचार्य)
प्राचार्य एस.एस.जे. राजकीय महाविद्यालय सोमेश्वर (अल्मोड़ा)

| Name of Activity | Organising unit/ Agency/ Collaborative Agency | Date |
|---|---|---|
| Sanitation program | NSS | 28-02-2021 |

28-02-21

ह. सि. बोरा राजकीय महाविद्यालय में तृतीय एक दिवसीय शिविर के दौरान शिविरार्थियों द्वारा महाविद्यालय के सम्पर्क मार्गों की साफ-सफाई एवं झाड़ियों को साफ करने काटने का कार्य किया गया, महाविद्यालय के मुख्य कार्यालय की साफ-सफाई की गयी. तथा फर्नीचर को व्यवस्थित किया गया,

बौद्धिक सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चन्द्र प्रकाश वर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं से रक्त-दान के प्रति जागरूकता हेतु एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, तथा रक्त दान से होने वाले फायदे एवं मानसिक शान्ति तथा सेवा-भाव के बारे में जानकारी प्रदान की गयी,

(कार्यक्रम अधिकारी)

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
रा० महा० सोमेश्वर

प्राचार्य,
एच.एस.बी राजकीय महाविद्यालय,
सोमेश्वर (अल्मोड़ा)

| Name of Activity | Organising unit/ Agency/ Collaborative Agency | Date |
|---|---|---|
| Sanitation program | NSS | 06-03-2021 |

06-03-21

हुकुम सिंह बोरा राजकीय महाविद्यालय सोमेश्वर में आयोजित एक दिवसीय शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा अनुशासन के महत्व पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया,

महाविद्यालय में फैले कूड़े को एकत्रित कर कूड़ेदानों की सफाई की गयी तथा कूड़ा निस्तारण का कार्य किया गया।

सायं कालीन बौद्धिक सत्र में हाथ-धोने की विधि का प्रदर्शन डा. सी. पी. वर्मा द्वारा किया गया, एवं बताया गया कि किस प्रकार स्वयं से साफ-सफाई की आदत डाल कर हम बिमारियों से दूर रह सकते हैं,

प्राचार्य

प्राचार्य,
एच.एस.बी राजकीय महाविद्यालय,
सोमेश्वर (अल्मोड़ा)

(कार्यक्रम अधिकारी)

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
रा० महा० सोमेश्वर

| Name of Activity | Organising unit/ Agency/ Collaborative Agency | Date |
|---|---|---|
| Azadi ka amrit mahotsav | NSS | 12-03-2021 |

12-03-2021

दृ. सि. वी. रा. राजकीय महाविद्यालय सोमेश्वर में आयोजित एक दिवसीय शिविर के दौरान आज महाविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ प्रभारी प्राचार्य डा. बलदेव राम जी द्वारा किया गया,

कार्यक्रम में शिविरार्थियों को "गांधी जीवन" को अपने जीवन में उतारने हेतु व्याख्यान का आयोजन किया गया,

गांधी जी के कई ज्ञात-अज्ञात कार्यों से शिविरार्थियों को अवगत कराया गया, जिसमें डा. भावना, डा. विपिन, डा. अर्चना जोशी द्वारा गांधी के कार्यों से शिविरार्थियों को अपने जीवन में प्रेरणा लेने का आह्वाहन किया गया,

(प्राचार्य)

(कार्यक्रम अधिकारी)

| Name of Activity | Organising unit/ Agency/ Collaborative Agency | Date |
|---|---|---|
| 7 Days special camp | NSS | 20-03-2021 to 26-03-2021 |

Page No.
Date: / /

आज दिनांक २०.०३.२१ को राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ प्रो० योगेश कुमार शर्मा प्राचार्य, हु. सि. बो. रा. महावि. सोमेश्वर, तथा श्री पवन जोशी, ग्राम प्रधान खीराकोट (पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष) के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सरस्वती वन्दना के पश्चात शिविर में भाग ले रहे शिविरार्थियों द्वारा अपना-अपना परिचय प्रदान किया गया। विशेष शिविर के संचालिका रुपाली रावत के द्वारा शिविरार्थियों को पाँच ग्रुप में बाँटा गया।

(1) कस्तूरी मृग ग्रुप – 10 छात्र-छात्रा
(2) मोनाल ग्रुप – 10 "
(3) ब्रह्मकमल ग्रुप – 10 "
(4) बुरांश ग्रुप – 10 "
(5) फुटबॉल ग्रुप – 10 " कुल छात्र-50

इसके पश्चात प्रत्येक ग्रुप के द्वारा 1:30 Pm तक श्रमदान, बागवानी, वृक्षारोपण तथा साफ-सफाई का कार्य किया गया, तत्पश्चात 1:30 से 2:00 Pm. तक भोजनावकाश किया गया जिसमें सभी ने सह भोज किया 2:00 बजे से 3:00 बजे तक सांस्कृतिक सत्र में गीत-नृत्य, कविता पाठ तथा हास्य-परिहास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बौद्धिक सत्र में 3:00 बजे से 4:00 बजे तक महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा शिविरार्थियों को ज्ञान वर्धक तथा प्रेरणादायक बातें छात्र-छात्राओं को बताई गयी।

4:00 बजे सभी शिविरार्थियों द्वारा एन.एस.एस गीत गाकर समापन किया गया।

Seen

प्राचार्य,
एच.एस.बी राजकीय महाविद्यालय
सोमेश्वर (अल्मोड़ा)

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
रा० महा० सोमेश्वर

Page No.
Date: / /

आज दिनांक २०.०३.२१ को राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ प्रो० योगेश कुमार शर्मा प्राचार्य, ह.सि.बो.रा.महावि.सोमेश्वर, तथा श्री पवन जोशी, ग्राम प्रधान खीराकोट (पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष) के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सरस्वती वन्दना के पश्चात शिविर में भाग ले रहे शिविरार्थियों द्वारा अपना-अपना परिचय प्रदान किया गया। विशेष शिविर के संचालिका रूपाली रावत के द्वारा शिविरार्थियों को पाँच ग्रुप में बाँटा गया।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | कस्तूरी मृग ग्रुप | – | 10 | छात्र-छात्रा |
| (2) | मोनाल ग्रुप | – | 10 | " |
| (3) | ब्रह्मकमल ग्रुप | – | 10 | " |
| (4) | बुरांश ग्रुप | – | 10 | " |
| (5) | फुटबाल ग्रुप | – | 10 | " कुल छात्र-50 |

इसके पश्चात प्रत्येक ग्रुप के द्वारा 1:30 Pm तक श्रमदान, बागवानी, वृक्षारोपण तथा साफ-सफाई का कार्य किया गया, तत्पश्चात 1:30 से 2:00 Pm. तक भोजनावकाश किया गया जिसमें सभी ने सह भोज किया

2:00 बजे से 3:00 बजे तक सांस्कृतिक सत्र में गीत-नृत्य, कविता पाठ तथा हास-परिहास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, बौद्धिक सत्र में 3:00 बजे से 4:00 बजे तक महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा शिविरार्थियों को ज्ञान वर्धक तथा प्रेरणादायक बातें छात्र-छात्राओं को बताई गयी।

4:00 बजे सभी शिविरार्थियों द्वारा एन.एस.एस गीत गाकर समापन किया गया।

Seen:
[signature]
प्राचार्य,
एच.एस.बी राजकीय महाविद्यालय,
सोमेश्वर (अल्मोड़ा)

[signature]
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना,
रा० महा० सोमेश्वर

Page No.
Date: / /

आज दिनांक 21.3.21 को एन.एस.एस. के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना के साथ शुरु हुआ। तत्पश्चात प्रत्येक ग्रुप द्वारा महाविद्यालय की साफ-सफाई की गयी।

भोजनावकाश के पश्चात डा० पुष्पा भट्ट असि० प्रोफे० (समाजशास्त्र) के द्वारा छात्र-छात्राओं को सामाजिक जानकारी दी गयी। विभिन्न ग्रुप द्वारा बालिका शिक्षा, जल संरक्षण, पर्यावरण, दहेज प्रथा तथा स्वच्छता पर वाद-विवाद प्रतियोगिता की गई, तत्पश्चात एन एस एस गीत के द्वारा समापन किया गया।

CP Verma
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
रा० महा० सोमेश्वर

प्राचार्य
एच.एन.बी. राजकीय महाविद्यालय
सोमेश्वर (अल्मोड़ा)

दिनांक 22.3.21 को एन.एस.एस. सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का शुभारम्भ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। फिर प्रत्येक ग्रुप लीडर ने अपने-अपने ग्रुप की उपस्थिति दर्ज कर महाविद्यालय के प्रत्येक कक्षा-कक्ष की सफाई की गयी। फर्नीचर को सुव्यवस्थित किया गया।

भोजनावकाश के पश्चात बौद्धिक सत्र में डा० राकेश पाण्डे, प्राध्यापक गणित के द्वारा शिविरार्थियों को जीवन में गणित के उपयोग की व्यवहारिक जानकारी दी गयी, तत्पश्चात एवरेस्ट विजेता, अरुणिमा सिन्हा का ऑडियो-वीडियो के माध्यम से प्रेरणादायक वीडियो छात्र-छात्राओं को दिखाया गया, जिससे उनके हौसले बुलन्द हो गये। ग्रुप-4 के द्वारा एन.एस.एस. गीत के द्वारा तृतीय दिवस का समापन हो गया।

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
रा० महा० सोमेश्वर

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय

Page No.
Date: / /

दिनांक 24.3.21 को एन.एस.एस. सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस का शुभारम्भ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। फिर प्रत्येक ग्रुप द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज कर महाविद्यालय के प्रांगड़ की सफाई की गयी। झाड़ियों को काटा गया तथा कूड़ेदानों को भी स्वच्छ किया गया। इस कार्य में छात्र संघ अध्यक्ष राहुल जलाल ने भी प्रतिभाग किया।

सांयकालीन सत्र में श्री रणजीत नयाल, ग्राम प्रधान टाना, अध्यक्ष ग्राम प्रधान संगठन ताकुला के द्वारा अपने महाविद्यालय के अनुभव छात्र-छात्राओं के साथ साझा किये, उनके द्वारा यह भी बताया गया कि शिक्षा के साथ-साथ एन.एस.एस. का भी जीवन में महत्व है कि किस प्रकार एन.एस.एस. हमें अनुशासित परिश्रमी तथा सहयोगी बनाती है, तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य श्री योगेश कुमार शर्मा जी द्वारा छात्र-छात्राओं को एन.एस.एस. शिविर तथा इसके प्रमाण पत्र की उपयोगिता के बारे में बताया गया, उनके द्वारा चतुर्थ दिवस के समापन की घोषणा की गयी, इस प्रकार चतुर्थ दिवस का समापन हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
रा० महा० सोमेश्वर

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
(अल्मोड़ा)

दिनांक 25.3.21 को एन.एस.एस. शिविर के पंचम दिवस में सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुआ। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में रोपित वृक्षों की निराई-गुड़ाई की, और रास्तों की सफाई की।

सांयकालीन सत्र में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, भाषण प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कई शिविरार्थियों द्वारा स्वरचित कविता

Page No.
Date: / /

भी प्रस्तुत की गयी। तत्पश्चात इतिहास विभाग की प्राध्यापक डा० अर्चना जोशी द्वारा गाँधी जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया, डा० अमिता प्रकाश, डा० विपिन पुजारी तथा डा० प्राची टम्टा के द्वारा गाँधी दर्शन का महत्व बताया गया, इसी के साथ रघुपति राघव राजा राम —— रामधुन गाकर दिवस का समापन किया गया।

प्राचार्य
श्री राजकीय महाविद्यालय सोमेश्वर (अल्मोड़ा)

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
रा० महा० सोमेश्वर

दिनांक 25.3.21 को एन.एस.एस. शिविर के षष्ठम दिवस पर सभी शिविरार्थी शहीद पार्क सोमेश्वर पर एकत्रित हुए। जहाँ एन.एस.एस. प्रभारी डा० सी.पी. वर्मा द्वारा स्वतन्त्रता सेनानी हुकुम सिंह बोरा के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला गया। डा० नीता टम्टा तथा डा० कंचन वर्मा के द्वारा शिविरार्थियों को कोरोना वायरस महामारी के प्रति जागरुकता के बारे में बताया गया। तत्पश्चात श्री किशन सिंह पुत्र श्री हुकुम सिंह बोराजी द्वारा रैली को रवाना किया गया। कोरोना महामारी जागरुकता रैली शहीद पार्क से प्रारम्भ होकर सोमेश्वर बाजार से होते हुए महाविद्यालय पहुँची। रैली में छात्र-छात्रा के द्वारा "मास्क है जरूरी" की अपील की गयी। और टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरुक किया गया। रैली में छात्र संघ अध्यक्ष राहुल जलाल तथा श्री सुरेश बोरा जन प्रतिनिधि समेत ~~कई~~ प्राध्यापक भी सम्मिलित हुए।

सायंकालीन सत्र में उपनिरीक्षक थाना सोमेश्वर श्रीमती नेहा राणा द्वारा शिविरार्थियों को

महिला हिंसा, बाल अपराध, यातायात सुरक्षा तथा अन्य कानूनी जानकारी दी गयी, साथ ही निजी अनुभवों को भी साझा किया, तत्पश्चात डा० गोविन्द धामी जी प्राध्यापक शिक्षा शास्त्र द्वारा जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया, डा० विपिन पुजारी प्राध्यापक हिन्दी द्वारा एन.एस.एस कैम्प में सीखी बातों को अपने जीवन में उतारने की अपील की गई। ग्रुप-4 के छात्र-छात्राओं द्वारा एन.एस.एस. गीत गाकर षष्ठम दिवस का समापन किया।

दिनांक 26.3.21 को एन.एस.एस. शिविर के सप्तम दिवस पर सभी छात्र-छात्रा निर्धारित समय पर महाविद्यालय में उपस्थित हुए, कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री भुवन जोशी, विधायक प्रतिनिधि विधान सभा सोमेश्वर तथा महाविद्यालय के प्राचार्य श्री योगेश कुमार शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया, सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत के पश्चात रूपाली रावत शिविर संचालिका छात्रा के द्वारा एक हास्य कविता सुनाई गयी। डा० केचन वर्मा, प्राध्यापक इतिहास के द्वारा एन.एस.एस शिविर की प्रथम से षष्ठम दिवस की आख्या प्रस्तुत की गयी। ग्रुप-2 के द्वारा एक देशभक्ति गीत, ग्रुप-4 के द्वारा नृत्य किया गया। एन.एस.एस.प्रभारी के द्वारा शिविर की गतिविधियों तथा शिविर की उपयोगिता की जानकारी दी गयी।

मुख्य अतिथि श्री जोशी ने एन.एस.एस. शिविर को उपयोगी बताते हुए, इसमें सीखी जानकारी को अपने जीवन में अपनाने की अपील की गयी।

Page No.
Date: / /

तत्पश्चात् उनके द्वारा छात्र - छात्राओं को पुरस्कृत किया गया, इस अवसर पर छात्र संघ अध्यक्ष राहुल जलाल तथा जन प्रतिनिधि सुरेश बोरा के द्वारा छात्र - छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया।

शिविर के समापन समारोह श्री योगेश कुमार शर्मा प्राचार्य के द्वारा किया गया उनके द्वारा छात्र - छात्राओं को एन. एस. एस. शिविर में सीखी जानकारी को जीवन में उतारने की अपील कर सभी का आभार व्यक्त किया गया।

2020-21 एन.एस.एस. कार्यक्रम के विजेता छात्र / छात्रा

सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी - कु. ज्योति बोरा BA I Sem

नृत्य प्रतियोगिता - कु. प्रीति काण्डपाल BSc I Sem I
" निशा BA I Sem II
" गुंजा मिराल BA I Sem III

वाद विवाद प्रतियोगिता -
(1) हिमानी बोरा BA I Sem
(2) पवन पाण्डे BA III Sem
(3) कंचन भाकुनी BA I Sem
(4) बिनीता गोस्वामी BA I Sem
(5) बीपेन्द्र बोरा BA I Sem

भाषण प्रतियोगिता - कु. गुंजा मिराल BA I Sem


स्वागतम्
राष्ट्रीय सेवा योजना
कार्यालय
हाल
दान भूमि वर्ष 2006-07


स्वागतम्
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय सोमेश्वर, अल्मोड़ा
g Triple Camera
my Galaxy A30s




राष्ट्रीय सेवा योजना
पोस्टर प्रतियोगिता
अल्मोड़ा